Series PQ2RS/2

Set – 2

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **65/2/2**

अनुक्रमांक
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* ***23*** *हैं ।*
- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में* ***38*** *प्रश्न हैं ।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।*
- ***कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।***
- *इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।*
- *Please check that this question paper contains* ***23*** *printed pages.*
- *Please check that this question paper contains* ***38*** *questions.*
- *Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.*
- ***Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.***
- *15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.*

गणित
MATHEMATICS

निर्धारित समय : 3 घण्टे | *अधिकतम अंक : 80*

Time allowed : 3 hours | *Maximum Marks : 80*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में* ***38*** *प्रश्न हैं ।* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

(ii) *यह प्रश्न-पत्र* ***पाँच*** *खण्डों में विभाजित है –* ***क, ख, ग, घ*** *एवं* ***ङ*** *।*

(iii) ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***18*** *तक बहुविकल्पीय तथा प्रश्न संख्या* ***19*** *एवं* ***20*** *अभिकथन एवं तर्क आधारित* ***1*** *अंक के प्रश्न हैं ।*

(iv) ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***21*** *से* ***25*** *तक अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के* ***2*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

(v) ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***26*** *से* ***31*** *तक लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के* ***3*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

(vi) ***खण्ड घ*** *में प्रश्न संख्या* ***32*** *से* ***35*** *तक दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के* ***5*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

(vii) ***खण्ड ङ*** *में प्रश्न संख्या* ***36*** *से* ***38*** *प्रकरण अध्ययन आधारित* ***4*** *अंकों के प्रश्न हैं ।*

(viii) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख के 2 प्रश्नों में, खण्ड ग के 3 प्रश्नों में, खण्ड घ के 2 प्रश्नों में तथा खण्ड ङ के 2 प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है ।*

(ix) *कैल्कुलेटर का उपयोग* ***वर्जित*** *है ।*

खण्ड क

इस खण्ड में बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।

1. अवकल समीकरण $\frac{dy}{dx} - y = 1$, दिया गया है कि $y(0) = 1$ है, के हलों की संख्या है :

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) अपरिमित रूप से अनेक

collegedunia
India's largest Student Review Platform

General Instructions :

Read the following instructions very carefully and strictly follow them :

(i) *This question paper contains **38** questions. **All** questions are **compulsory**.*

(ii) *This question paper is divided into **five** Sections – **A**, **B, C, D** and **E**.*

(iii) *In **Section A,** Questions no. **1** to **18** are multiple choice questions (MCQs) and questions number **19** and **20** are Assertion-Reason based questions of **1** mark each.*

(iv) *In **Section B,** Questions no. **21** to **25** are very short answer (VSA) type questions, carrying **2** marks each.*

(v) *In **Section C,** Questions no. **26** to **31** are short answer (SA) type questions, carrying **3** marks each.*

(vi) *In **Section D,** Questions no. **32** to **35** are long answer (LA) type questions carrying **5** marks each.*

(vii) *In **Section E,** Questions no. **36** to **38** are case study based questions carrying **4** marks each.*

(viii) *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in 2 questions in Section B, 3 questions in Section C, 2 questions in Section D and 2 questions in Section E.*

(ix) *Use of calculators is **not** allowed.*

SECTION A

This section comprises multiple choice questions (MCQs) of 1 mark each.

1. The number of solutions of differential equation $\frac{dy}{dx} - y = 1$, given that $y(0) = 1$, is :

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) infinitely many

collegedunia
India's largest Student Review Platform

2. किन्हीं दो सदिशों $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के लिए, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सदैव सही है ?

(A) $\vec{a} \cdot \vec{b} \geq |\vec{a}||\vec{b}|$ (B) $\vec{a} \cdot \vec{b} = |\vec{a}||\vec{b}|$

(C) $\vec{a} \cdot \vec{b} \leq |\vec{a}||\vec{b}|$ (D) $\vec{a} \cdot \vec{b} < |\vec{a}||\vec{b}|$

3. बिन्दु (0, 1, 2) से x-अक्ष पर डाले गए लम्ब के पाद के निर्देशांक हैं :

(A) (1, 0, 0) (B) (2, 0, 0)

(C) $(\sqrt{5}, 0, 0)$ (D) (0, 0, 0)

4. एक रैखिक प्रोग्रामन समस्या के सभी व्यवरोधों द्वारा नियत उभयनिष्ठ क्षेत्र कहलाता है :

(A) एक अपरिबद्ध क्षेत्र (B) एक इष्टतम क्षेत्र

(C) एक परिबद्ध क्षेत्र (D) एक सुसंगत क्षेत्र

5. माना किसी प्रयोग में E किसी प्रतिदर्श समष्टि S की एक घटना है, तो $P(S|E)$ बराबर है :

(A) $P(S \cap E)$ (B) $P(E)$

(C) 1 (D) 0

6. कोटि 3 के सभी अदिश आव्यूहों, जिनकी प्रत्येक प्रविष्टि $-1, 0$ या 1 है, की संख्या है :

(A) 1 (B) 3

(C) 2 (D) 3^9

7. $x = 1$ पर $\frac{d}{dx}[\cos(\log x + e^x)]$ बराबर है :

(A) $-\sin e$ (B) $\sin e$

(C) $-(1 + e)\sin e$ (D) $(1 + e)\sin e$

8. अवकल समीकरण $(y'')^2 + (y')^3 = x \sin(y')$ की घात :

(A) 1 है (B) 2 है

(C) 3 है (D) परिभाषित नहीं है

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

2. For any two vectors $\vec{a}$ and $\vec{b}$, which of the following statements is always true ?

(A) $\vec{a} \cdot \vec{b} \geq |\vec{a}||\vec{b}|$ (B) $\vec{a} \cdot \vec{b} = |\vec{a}||\vec{b}|$

(C) $\vec{a} \cdot \vec{b} \leq |\vec{a}||\vec{b}|$ (D) $\vec{a} \cdot \vec{b} < |\vec{a}||\vec{b}|$

3. The coordinates of the foot of the perpendicular drawn from the point (0, 1, 2) on the x-axis are given by :

(A) (1, 0, 0) (B) (2, 0, 0)

(C) $(\sqrt{5}, 0, 0)$ (D) (0, 0, 0)

4. The common region determined by all the constraints of a linear programming problem is called :

(A) an unbounded region (B) an optimal region

(C) a bounded region (D) a feasible region

5. Let E be an event of a sample space S of an experiment, then $P(S|E)$ =

(A) $P(S \cap E)$ (B) $P(E)$

(C) 1 (D) 0

6. The number of all scalar matrices of order 3, with each entry – 1, 0 or 1, is :

(A) 1 (B) 3

(C) 2 (D) 3^9

7. $\frac{d}{dx}[\cos(\log x + e^x)]$ at $x = 1$ is :

(A) $-\sin e$ (B) $\sin e$

(C) $-(1 + e)\sin e$ (D) $(1 + e)\sin e$

8. The degree of the differential equation $(y'')^2 + (y')^3 = x \sin(y')$ is :

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) not defined

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

9. मात्रक सदिश, जो कि सदिशों $\hat{i} + \hat{k}$ और $\hat{i} - \hat{k}$, दोनों पर लंब है, है :

(A) $2\hat{j}$ (B) $\hat{j}$

(C) $\frac{\hat{i} - \hat{k}}{\sqrt{2}}$ (D) $\frac{\hat{i} + \hat{k}}{\sqrt{2}}$

10. रेखा $\frac{x-1}{2} = -y = \frac{2z+1}{6}$ के समांतर एक सदिश के दिक्-अनुपात हैं :

(A) $2, -1, 6$ (B) $2, 1, 6$

(C) $2, 1, 3$ (D) $2, -1, 3$

11. यदि $F(x) = \begin{bmatrix} \cos x & -\sin x & 0 \\ \sin x & \cos x & 0 \\ 0 & 0 & 1 \end{bmatrix}$ तथा $[F(x)]^2 = F(kx)$ है, तो k का मान है :

(A) 1 (B) 2

(C) 0 (D) -2

12. यदि एक रेखा x-अक्ष की धनात्मक दिशा के साथ $30°$ का कोण, y-अक्ष की धनात्मक दिशा के साथ $120°$ का कोण बनाती है, तो यह रेखा z-अक्ष की धनात्मक दिशा के साथ जो कोण बनाती है, वह है :

(A) $90°$ (B) $120°$

(C) $60°$ (D) $0°$

13. यदि एक 3×3 के अदिश आव्यूह के सभी अवयवों का योगफल 9 है, तो इसके सभी अवयवों का गुणनफल होगा :

(A) 0 (B) 9

(C) 27 (D) 729

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

9. The unit vector perpendicular to both vectors $\hat{i} + \hat{k}$ and $\hat{i} - \hat{k}$ is :

(A) $2\hat{j}$ (B) $\hat{j}$

(C) $\frac{\hat{i} - \hat{k}}{\sqrt{2}}$ (D) $\frac{\hat{i} + \hat{k}}{\sqrt{2}}$

10. Direction ratios of a vector parallel to line $\frac{x-1}{2} = -y = \frac{2z+1}{6}$ are :

(A) $2, -1, 6$ (B) $2, 1, 6$

(C) $2, 1, 3$ (D) $2, -1, 3$

11. If $F(x) = \begin{bmatrix} \cos x & -\sin x & 0 \\ \sin x & \cos x & 0 \\ 0 & 0 & 1 \end{bmatrix}$ and $[F(x)]^2 = F(kx)$, then the value of k is :

(A) 1 (B) 2

(C) 0 (D) -2

12. If a line makes an angle of $30°$ with the positive direction of x-axis, $120°$ with the positive direction of y-axis, then the angle which it makes with the positive direction of z-axis is :

(A) $90°$ (B) $120°$

(C) $60°$ (D) $0°$

13. If the sum of all the elements of a 3×3 scalar matrix is 9, then the product of all its elements is :

(A) 0 (B) 9

(C) 27 (D) 729

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

14. समुच्चय A में परिभाषित एक तुल्यता संबंध R से बने तुल्यता वर्गों A_i $(i = 1, 2, ..., n)$ के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(A) $\bigcup_{i=1}^{n} A_i = A$

(B) $A_i \cap A_j \neq \phi,\ i \neq j$

(C) $x \in A_i$ और $x \in A_j \Rightarrow A_i = A_j$

(D) सभी i के लिए, A_i के सभी अवयव एक-दूसरे के साथ संबंधित होते हैं

15. यदि $\begin{vmatrix} -a & b & c \\ a & -b & c \\ a & b & -c \end{vmatrix} = kabc$ है, तो k का मान है :

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) 4

16. $f(x) = \begin{cases} |x|+3, & \text{यदि } x \leq -3 \\ -2x, & \text{यदि } -3<x<3 \\ 6x+2, & \text{यदि } x \geq 3 \end{cases}$

द्वारा परिभाषित फलन के असांतत्यता के बिंदुओं की संख्या है :

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) अनन्त

17. फलन $f(x) = x^3 - 3x^2 + 12x - 18$:

(A) R पर निरंतर ह्रासमान है

(B) R पर निरंतर वर्धमान है

(C) R पर न तो निरंतर वर्धमान है और न ही निरंतर ह्रासमान है

(D) $(-\infty, 0)$ पर निरंतर ह्रासमान है

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

14. Which of the following statements is ***not*** true about equivalence classes A_i (i = 1, 2, ... n) formed by an equivalence relation R defined on a set A ?

(A) $\bigcup_{i=1}^{n} A_i = A$

(B) $A_i \cap A_j \neq \phi$, $i \neq j$

(C) $x \in A_i$ and $x \in A_j \Rightarrow A_i = A_j$

(D) All elements of A_i are related to each other, for all i

15. If $\begin{vmatrix} -a & b & c \\ a & -b & c \\ a & b & -c \end{vmatrix} = kabc$, then the value of k is :

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) 4

16. The number of points of discontinuity of $f(x) = \begin{cases} |x|+3, & \text{if } x \leq -3 \\ -2x, & \text{if } -3<x<3 \\ 6x+2, & \text{if } x \geq 3 \end{cases}$ is :

(A) 0 (B) 1

(C) 2 (D) infinite

17. The function $f(x) = x^3 - 3x^2 + 12x - 18$ is :

(A) strictly decreasing on R

(B) strictly increasing on R

(C) neither strictly increasing nor strictly decreasing on R

(D) strictly decreasing on $(-\infty, 0)$

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

18. यदि $\int_0^2 2\,e^{2x}\,dx = \int_0^a e^x\,dx$ है, तो 'a' का मान है :

(A) 1 (B) 2

(C) 4 (D) $\frac{1}{2}$

*प्रश्न संख्या **19** और **20** अभिकथन एवं तर्क आधारित प्रश्न हैं । दो कथन दिए गए हैं जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) द्वारा अंकित किया गया है । इन प्रश्नों के सही उत्तर नीचे दिए गए कोडों (A), (B), (C) और (D) में से चुनकर दीजिए ।*

(A) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं और तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन (A) और तर्क (R) दोनों सही हैं, परन्तु तर्क (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है ।

(C) अभिकथन (A) सही है, परन्तु तर्क (R) ग़लत है ।

(D) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु तर्क (R) सही है ।

19. *अभिकथन (A) :* दो शून्येतर सदिशों $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के लिए, $\vec{a} \cdot \vec{b} = \vec{b} \cdot \vec{a}$.

तर्क (R) : दो शून्येतर सदिशों $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के लिए, $\vec{a} \times \vec{b} = \vec{b} \times \vec{a}$.

20. *अभिकथन (A) :* किसी एक सममित आव्यूह A के लिए, B′AB एक विषम सममित आव्यूह होता है ।

तर्क (R) : एक वर्ग आव्यूह P विषम सममित आव्यूह कहलाएगा, यदि $P' = -P$.

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

18. If $\int_0^2 2\,e^{2x}\,dx = \int_0^a e^x\,dx$, the value of 'a' is :

(A) 1 (B) 2

(C) 4 (D) $\frac{1}{2}$

*Questions number **19** and **20** are Assertion and Reason based questions. Two statements are given, one labelled Assertion (A) and the other labelled Reason (R). Select the correct answer from the codes (A), (B), (C) and (D) as given below.*

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

(D) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.

19. *Assertion (A) :* For two non-zero vectors $\vec{a}$ and $\vec{b}$, $\vec{a} \cdot \vec{b} = \vec{b} \cdot \vec{a}$.

Reason (R) : For two non-zero vectors $\vec{a}$ and $\vec{b}$, $\vec{a} \times \vec{b} = \vec{b} \times \vec{a}$.

20. *Assertion (A) :* For any symmetric matrix A, B′AB is a skew-symmetric matrix.

Reason (R) : A square matrix P is skew-symmetric if $P' = -P$.

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

खण्ड ख

इस खण्ड में अति लघु-उत्तरीय (VSA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 2 अंक हैं ।

21. यदि फलन $f(x) = x + \frac{1}{x}$ $(x \neq 0)$ के स्थानीय उच्चतम और स्थानीय निम्नतम मान, क्रमश: M और m द्वारा प्रदत्त हैं, तो $(M - m)$ का मान ज्ञात कीजिए ।

22. मान ज्ञात कीजिए :

$$\int_0^{a^3} \frac{x^2}{x^6 + a^6}\, dx$$

23. दर्शाइए कि $f(x) = e^x - e^{-x} + x - \tan^{-1} x$ अपने प्रांत में निरंतर वर्धमान है ।

24. (क) $\tan^{-1}\left(-\frac{1}{\sqrt{3}}\right) + \cot^{-1}\left(\frac{1}{\sqrt{3}}\right) + \tan^{-1}\left[\sin\left(-\frac{\pi}{2}\right)\right]$ का मान ज्ञात कीजिए ।

अथवा

(ख) फलन $f(x) = \sin^{-1}(x^2 - 4)$ का प्रांत ज्ञात कीजिए । इसका परिसर भी ज्ञात कीजिए ।

25. (क) $f(x) = |\cos x|$ की $x = \frac{\pi}{2}$ पर अवकलनीयता की जाँच कीजिए ।

अथवा

(ख) यदि $y = A \sin 2x + B \cos 2x$ और $\frac{d^2y}{dx^2} - ky = 0$ है, तो k का मान ज्ञात कीजिए ।

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

SECTION B

This section comprises very short answer (VSA) type questions of 2 marks each.

21. If M and m denote the local maximum and local minimum values of the function $f(x) = x + \frac{1}{x}$ $(x \neq 0)$ respectively, find the value of $(M - m)$.

22. Evaluate :

$$\int_0^{a^3} \frac{x^2}{x^6 + a^6}\, dx$$

23. Show that $f(x) = e^x - e^{-x} + x - \tan^{-1} x$ is strictly increasing in its domain.

24. (a) Find the value of $\tan^{-1}\left(-\frac{1}{\sqrt{3}}\right) + \cot^{-1}\left(\frac{1}{\sqrt{3}}\right) + \tan^{-1}\left[\sin\left(-\frac{\pi}{2}\right)\right]$.

OR

(b) Find the domain of the function $f(x) = \sin^{-1}(x^2 - 4)$. Also, find its range.

25. (a) Check the differentiability of $f(x) = |\cos x|$ at $x = \frac{\pi}{2}$.

OR

(b) If $y = A \sin 2x + B \cos 2x$ and $\frac{d^2y}{dx^2} - ky = 0$, find the value of k.

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

खण्ड ग

इस खण्ड में लघु-उत्तरीय (SA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 3 अंक हैं ।

26. (क) अवकल समीकरण $2xy + y^2 - 2x^2 \frac{dy}{dx} = 0$ का विशिष्ट हल ज्ञात कीजिए; दिया गया है $y = 2$, जब $x = 1$ है ।

अथवा

(ख) अवकल समीकरण $y\,dx = (x + 2y^2)\,dy$ का व्यापक हल ज्ञात कीजिए ।

27. यदि सदिश $\vec{a}$, $\vec{b}$ और $2\vec{a} + 3\vec{b}$ मात्रक सदिश हों, तो $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच का कोण ज्ञात कीजिए ।

28. पासों के एक जोड़े को एक साथ उछाला जाता है । यदि X, पासों के ऊपरी फलकों पर आई संख्याओं के पूर्ण-अंतर को व्यक्त करता है, तो X का प्रायिकता बंटन ज्ञात कीजिए ।

29. ज्ञात कीजिए :

$$\int x^2 \cdot \sin^{-1}(x^{3/2})\,dx$$

30. (क) यदि $x^{30}\, y^{20} = (x + y)^{50}$ है, तो सिद्ध कीजिए कि $\frac{dy}{dx} = \frac{y}{x}$.

अथवा

(ख) $\frac{dy}{dx}$ ज्ञात कीजिए, यदि $5^x + 5^y = 5^{x+y}$.

31. (क) मान ज्ञात कीजिए :

$$\int_{-2}^{2} \sqrt{\frac{2 - x}{2 + x}}\,dx$$

अथवा

(ख) ज्ञात कीजिए :

$$\int \frac{1}{x\,[(\log x)^2 - 3\log x - 4]}\,dx$$

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

SECTION C

This section comprises short answer (SA) type questions of 3 marks each.

26. (a) Find the particular solution of the differential equation given by $2xy + y^2 - 2x^2 \frac{dy}{dx} = 0$; $y = 2$, when $x = 1$.

OR

(b) Find the general solution of the differential equation :

$$y\,dx = (x + 2y^2)\,dy$$

27. If vectors $\vec{a}$, $\vec{b}$ and $2\vec{a} + 3\vec{b}$ are unit vectors, then find the angle between $\vec{a}$ and $\vec{b}$.

28. A pair of dice is thrown simultaneously. If X denotes the absolute difference of the numbers appearing on top of the dice, then find the probability distribution of X.

29. Find :

$$\int x^2 \cdot \sin^{-1}(x^{3/2})\,dx$$

30. (a) If $x^{30} y^{20} = (x + y)^{50}$, prove that $\frac{dy}{dx} = \frac{y}{x}$.

OR

(b) Find $\frac{dy}{dx}$, if $5^x + 5^y = 5^{x+y}$.

31. (a) Evaluate :

$$\int_{-2}^{2} \sqrt{\frac{2 - x}{2 + x}}\,dx$$

OR

(b) Find :

$$\int \frac{1}{x\,[(\log x)^2 - 3 \log x - 4]}\,dx$$

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

खण्ड घ

इस खण्ड में दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 5 अंक हैं ।

32. p का मान ज्ञात कीजिए जिसके लिए रेखाएँ

$$\vec{r} = \lambda\hat{i} + (2\lambda + 1)\hat{j} + (3\lambda + 2)\hat{k} \text{ और}$$

$$\vec{r} = \hat{i} - 3\mu\hat{j} + (p\mu + 7)\hat{k}$$

परस्पर लंबवत और प्रतिच्छेदी भी हों । दी गई इन रेखाओं का प्रतिच्छेद बिन्दु भी ज्ञात कीजिए ।

33. (क) यदि $A = \begin{bmatrix} 5 & 0 & 4 \\ 2 & 3 & 2 \\ 1 & 2 & 1 \end{bmatrix}$ तथा $B^{-1} = \begin{bmatrix} 1 & 3 & 3 \\ 1 & 4 & 3 \\ 1 & 3 & 4 \end{bmatrix}$ है, तो $(AB)^{-1}$ ज्ञात कीजिए ।

$|(AB)^{-1}|$ भी ज्ञात कीजिए ।

अथवा

(ख) दिया गया है कि $A = \begin{bmatrix} 1 & 1 & 1 \\ 2 & 3 & 2 \\ 1 & 1 & 2 \end{bmatrix}$, तो A^{-1} ज्ञात कीजिए । अत: इसके प्रयोग से निम्नलिखित समीकरण निकाय

$$x + y + z = 1$$

$$2x + 3y + 2z = 2$$

$$x + y + 2z = 4$$

का हल ज्ञात कीजिए ।

34. यदि प्रथम चतुर्थांश में $y^2 = 4x$, $x = 1$ और x-अक्ष से घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल A_1 द्वारा प्रदत्त है और $y^2 = 4x$, $x = 4$ से घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल A_2 द्वारा प्रदत्त है, तो $A_1 : A_2$ ज्ञात कीजिए ।

35. (क) दर्शाइए कि फलन $f : R \to R$ जो $f(x) = \frac{2x}{1+x^2}$ द्वारा परिभाषित है, न तो एकैकी है और न ही आच्छादक है । साथ ही, समुच्चय A ज्ञात कीजिए जिससे दिया गया फलन $f : R \to A$ एक आच्छादक फलन हो जाए ।

अथवा

(ख) $N \times N$ (जहाँ N प्राकृत संख्याओं का समुच्चय है) पर एक संबंध R निम्न प्रकार प्रदत्त है :

$$(a, b)\, R\, (c, d) \Leftrightarrow a - c = b - d$$

दर्शाइए कि R एक तुल्यता संबंध है ।

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

SECTION D

This section comprises long answer (LA) type questions of 5 marks each.

32. Find the value of p for which the lines

$$\vec{r} = \lambda\hat{i} + (2\lambda + 1)\hat{j} + (3\lambda + 2)\hat{k} \text{ and}$$

$$\vec{r} = \hat{i} - 3\mu\hat{j} + (p\mu + 7)\hat{k}$$

are perpendicular to each other and also intersect. Also, find the point of intersection of the given lines.

33. (a) If $A = \begin{bmatrix} 5 & 0 & 4 \\ 2 & 3 & 2 \\ 1 & 2 & 1 \end{bmatrix}$ and $B^{-1} = \begin{bmatrix} 1 & 3 & 3 \\ 1 & 4 & 3 \\ 1 & 3 & 4 \end{bmatrix}$, find $(AB)^{-1}$.

Also, find $|(AB)^{-1}|$.

OR

(b) Given $A = \begin{bmatrix} 1 & 1 & 1 \\ 2 & 3 & 2 \\ 1 & 1 & 2 \end{bmatrix}$, find A^{-1}. Use it to solve the following system of equations :

$$x + y + z = 1$$
$$2x + 3y + 2z = 2$$
$$x + y + 2z = 4$$

34. If A_1 denotes the area of region bounded by $y^2 = 4x$, $x = 1$ and x-axis in the first quadrant and A_2 denotes the area of region bounded by $y^2 = 4x$, $x = 4$, find $A_1 : A_2$.

35. (a) Show that a function $f : R \to R$ defined by $f(x) = \frac{2x}{1+x^2}$ is neither one-one nor onto. Further, find set A so that the given function $f : R \to A$ becomes an onto function.

OR

(b) A relation R is defined on $N \times N$ (where N is the set of natural numbers) as :

$$(a, b)\ R\ (c, d) \Leftrightarrow a - c = b - d$$

Show that R is an equivalence relation.

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

खण्ड ङ

इस खण्ड में 3 प्रकरण अध्ययन आधारित प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के 4 अंक हैं ।

प्रकरण अध्ययन – 1

36. सितंबर का महीना पूरे देश में राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाता है । शरीर को आवश्यक उचित पोषक तत्त्व प्रदान करने के लिए स्वस्थ और संतुलित आहार का पालन करना महत्त्वपूर्ण है । संतुलित आहार हमें मानसिक रूप से भी फिट रखता है और ऊर्जा के बेहतर स्तर को बढ़ावा देता है ।



आकृति-1



आकृति-2

एक आहार विशेषज्ञ दो प्रकार के खाद्य पदार्थों, फूड X (x kg) और फूड Y (y kg), जो क्रमश: ₹ 16/kg और ₹ 20/kg की दर पर उपलब्ध हैं, से युक्त आहार की लागत को कम करना चाहता है । व्यवरोधों द्वारा नियत सुसंगत क्षेत्र आकृति-2 में दिखाया गया है ।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर, निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) आकृति-2 से उन सभी व्यवरोधों को पहचानिए और लिखिए जो दिए गए सुसंगत क्षेत्र को निर्धारित करते हैं । *2*

(ii) यदि उद्देश्य लागत फलन $Z = 16x + 20y$ को न्यूनतम करना हो, तो x और y का मान ज्ञात कीजिए जिस पर लागत न्यूनतम हो । यह मानते हुए कि दिए गए अपरिबद्ध क्षेत्र से न्यूनतम लागत संभव है, न्यूनतम लागत भी ज्ञात कीजिए । *2*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

SECTION E

This section comprises 3 case study based questions of 4 marks each.

Case Study – 1

36. The month of September is celebrated as the Rashtriya Poshan Maah across the country. Following a healthy and well-balanced diet is crucial in order to supply the body with the proper nutrients it needs. A balanced diet also keeps us mentally fit and promotes improved level of energy.



Figure-1



Figure-2

A dietician wishes to minimize the cost of a diet involving two types of foods, food X (x kg) and food Y (y kg) which are available at the rate of ₹ 16/kg and ₹ 20/kg respectively. The feasible region satisfying the constraints is shown in Figure-2.

On the basis of the above information, answer the following questions :

(i) Identify and write all the constraints which determine the given feasible region in Figure-2. *2*

(ii) If the objective is to minimize cost Z = 16x + 20y, find the values of x and y at which cost is minimum. Also, find minimum cost assuming that minimum cost is possible for the given unbounded region. *2*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

प्रकरण अध्ययन – 2

37. जब परिवहन किए गए यात्रियों की संख्या को व्यक्तिगत चोटों और मृत्यु के योग के आधार पर मापा जाता है, तो हवाई जहाज अब तक परिवहन का सबसे सुरक्षित साधन है ।





पिछले रिकॉर्ड बताते हैं कि हवाई जहाज के दुर्घटनाग्रस्त होने की प्रायिकता 0·00001% है । इसके अलावा, 95% संभावना है कि विमान दुर्घटना के बाद जीवित बचे लोग होंगे । मान लीजिए कि दुर्घटना न होने की स्थिति में सभी यात्री जीवित बच जाते हैं ।

मान लीजिए E_1 घटना है कि एक विमान की दुर्घटना हुई है और E_2 वह घटना है कि कोई दुर्घटना नहीं हुई है । माना A वह घटना है जिसमें यात्री यात्रा के बाद जीवित बच जाते हैं ।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर, निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) हवाई जहाज के दुर्घटनाग्रस्त न होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए । *1*

(ii) $P(A \mid E_1) + P(A \mid E_2)$ ज्ञात कीजिए । *1*

(iii) (क) $P(A)$ ज्ञात कीजिए । *2*

अथवा

(iii) (ख) $P(E_2 \mid A)$ ज्ञात कीजिए । *2*

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

Case Study – 2

37. Airplanes are by far the safest mode of transportation when the number of transported passengers are measured against personal injuries and fatality totals.



Previous records state that the probability of an airplane crash is 0·00001%. Further, there are 95% chances that there will be survivors after a plane crash. Assume that in case of no crash, all travellers survive.

Let E_1 be the event that there is a plane crash and E_2 be the event that there is no crash. Let A be the event that passengers survive after the journey.

On the basis of the above information, answer the following questions :

(i) Find the probability that the airplane will not crash. *1*

(ii) Find $P(A \mid E_1) + P(A \mid E_2)$. *1*

(iii) (a) Find P(A). *2*

OR

(iii) (b) Find $P(E_2 \mid A)$. *2*

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

प्रकरण अध्ययन – 3

38. ओवरस्पीडिंग से ईंधन की खपत बढ़ जाती है और टायर तथा भूमि में घर्षण और वायु प्रतिरोध के परिणामस्वरूप ईंधन की बचत कम हो जाती है । जबकि वाहन अलग-अलग गति पर इष्टतम ईंधन अर्थव्यवस्था तक पहुँचते हैं, ईंधन लाभ आमतौर पर 80 km/h से ऊपर की गति पर तेज़ी से घटता है ।



कुछ बाधाओं के तहत ईंधन की खपत F (l/100 km) और गति V (km/h) के बीच संबंध $F = \frac{V^2}{500} - \frac{V}{4} + 14$ द्वारा दिया गया है ।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर, निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) F ज्ञात कीजिए, जबकि V = 40 km/h. *1*

(ii) $\frac{dF}{dV}$ ज्ञात कीजिए । *1*

(iii) (क) वह गति V ज्ञात कीजिए जब ईंधन खपत F न्यूनतम होती है । *2*

अथवा

(iii) (ख) V गति से 600 km की यात्रा करने के लिए आवश्यक ईंधन की मात्रा ज्ञात कीजिए जिस पर $\frac{dF}{dV} = -0{\cdot}01$ है । *2*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

Case Study – 3

38. Overspeeding increases fuel consumption and decreases fuel economy as a result of tyre rolling friction and air resistance. While vehicles reach optimal fuel economy at different speeds, fuel mileage usually decreases rapidly at speeds above 80 km/h.



The relation between fuel consumption F (l/100 km) and speed V (km/h) under some constraints is given as $F = \frac{V^2}{500} - \frac{V}{4} + 14$.

On the basis of the above information, answer the following questions :

(i) Find F, when V = 40 km/h. *1*

(ii) Find $\frac{dF}{dV}$. *1*

(iii) (a) Find the speed V for which fuel consumption F is minimum. *2*

OR

(iii) (b) Find the quantity of fuel required to travel 600 km at the speed V at which $\frac{dF}{dV} = -0{\cdot}01$. *2*

collegedunia
India's largest Student Review Platform